






# नशामुक्ति अभियान : स्कूलों के आसपास बिक रहा नशा, जागरूकता पर उठे सवाल

## शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा अभियान, स्कूल कालेजों में जाकर बच्चों को किया जाएगा जागरूक

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. जिले में 15 से 30 जुलाई तक नशामुक्ति अभियान की शुरूआत बुधवार को कलेक्टर ने कर दी है। अभियान की शुरुआत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है, जो शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा।**

रथ के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। हालांकि, अभियान की शुरुआत के साथ ही इसकी प्रभावशीलता को लेकर कई सवाल भी उठने लगे हैं।



शहर में कई स्कूलों और कॉलेजों के आसपास खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद इन स्थानों से नशे का कारोबार पूरी तरह बंद नहीं हो सका है। सबसे चिंता की बात यह है कि 10 से 18 वर्ष की उम्र के किशोर भी नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कम उम्र में नशे की लत बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालती है। इस मामले में एसपी अजय पांडे से उनका पक्ष जानना चाहा, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। अब यह देखना होगा कि 15 दिनों तक चलने वाला यह नशामुक्ति अभियान लोगों की सोच में कितना बदलाव ला पाता है और क्या वास्तव में स्कूलों के आसपास बिक रहे नशे पर रोक लग पाती है। आने वाला समय ही बताएगा कि यह अभियान कागजों तक सीमित रहता है या जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल साबित होता है।

### विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जा रहा काम

प्रशासन का कहना है कि अभियान के दौरान जनजागरूकता के साथ-साथ अवैध नशे के कारोबार पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद नागरिकों का मानना है कि अभियान की सफलता केवल संदेश देने से नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई और निरंतर निगरानी से तय होगी।

### जमीनी स्तर पर नहीं मिल रहे परिणाम

सामाजिक संगठनों और अभिभावकों का कहना है कि केवल जागरूकता रैली और प्रचार-प्रसार से नशे की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यदि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास संचालित हो रही नशे की अवैध बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी नशामुक्ति के लिए काम करने का दावा करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनके प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं।

# नगर में चोरों के हौसले बुलंद, एक साथ चार दुकानों के ताले टूटे

### मौके से पुलिस ने जुटाए फिंगरप्रिंट, जांच शुरू



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 15 जुलाई. नगर में इन दिनों चोर गिरोह के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाया।**

चोरों ने दुकानों के शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया।घटना की जानकारी बुधवार सुबह व्यापारियों को तब लगी, जब वे अपनी दुकानें खोलने पहुंचे। एक साथ कई दुकानों में चोरी की वारदात से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।जानकारी के अनुसार, निजी डॉक्टरों के कुछ क्लीनिकों के ताले भी टूटे पाए गए हैं। हालांकि वहां से क्या सामान या नगदी चोरी हुई है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।सूचना मिलते ही परासिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से मौके से फिंगरप्रिंट लिए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## मोक्षधाम में किया गया पौधारोपण

**छिंदवाड़ा.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित स्वैच्छिकता पर्व अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने के नेतृत्व में नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान, जुन्नारदेव की उपाध्यक्ष आर्या गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत पालाचौरई में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवीन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने ग्राम पंचायत पालाचौरई स्थित मोक्षधाम परिसर में पांच जामुन के पौधों का रोपण किया। साथ ही पूर्व में लगाए गए एक दर्जन करंज के पौधों के आसपास सफाई कर उनके संरक्षण के लिए थाले बनाए गए।

# शहरी उप स्वास्थ्य केंद्र रामबाग में दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेश गोन्नाडे के मार्गदर्शन में जिले सहित सभी विकासखंडों में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है।**


इसी क्रम में गत दिवस शहरी उप स्वास्थ्य केंद्र रामबाग में अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. पुष्पारानी सिंह एवं संस्था प्रभारी डॉ. सुमित मोहबे ने बच्चों को जिंक, ओआरएस एवं विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गोन्नाडे ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों के ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार दस्तक अभियान की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन, बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन, गंभीर एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं उपचार, दस्त रोग नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक का उपयोग, विटामिन-ए अनुपूरण, जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान, आहार संबंधी परामर्श, एसएनसीयू एवं एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों की स्क्रीनिंग एवं फॉलोअप तथा आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुए बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा।

## सांसद श्री साहू ने 2 लाख 20 हजार की सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू अपनी छिंदवाड़ा से मैहर तक 14 दिवसीय 375 किमी की धार्मिक पदयात्रा की व्यस्तता के बाद भी जिले के जरूरतमद मरीजों और आमजनों का ख्याल रखते रहे। धार्मिक पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू को जानकारी मिली थी कि अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर 4 मरीजों का रूपयों के अभाव में इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपनी धार्मिक पदयात्रा के दौरान ही मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भिजवाकर चारों मरीजों की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया था।

# जनपद पंचायत तामिया में जनप्रतिनिधियों का मोर्चा, आज से धरना आंदोलन

### सीईओ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जनपद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को दी सूचना



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/तामिया, 15 जुलाई. जनपद पंचायत तामिया में जनप्रतिनिधियों और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के बीच चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है।**

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तुलसा ईश्वर परतेती ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव को पत्र भेजकर जानकारी दी है कि जनपद पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि 16 जुलाई को जनपद कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे।पत्र में आरोप लगाया गया है कि जनपद पंचायत तामिया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मोनिका झारिया की कार्यप्रणाली से जनप्रतिनिधियों में असंतोष और नाराजगी व्याप्त है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सामान्य सभा की बैठकों में लिए गए निर्णयों एवं अध्यक्ष की सहमति के बिना कई कार्य किए जा रहे हैं, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधियों की उपेक्षा हो रही है।इसी मुद्दे को लेकर जनपद पंचायत के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय तामिया के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया है। इसकी सूचना प्रशासन एवं पुलिस विभाग को भी आवश्यक कार्यवाही एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भेजी गई है।पत्र पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती तुलसा ईश्वर परतेती सहित कई जनपद सदस्यों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आंदोलन को कई जनप्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त है।

### धरना : प्रशासन अलर्ट

धरना कार्यक्रम की सूचना तहसीलदार तामिया और थाना प्रभारी तामिया को भी भेजी गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## परिवहन विभाग ने सिंगोड़ी-अमरवाड़ा में स्कूल वाहनों की जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन के आदेश के परिपालन में बुधवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला के निर्देशन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा सिंगोड़ी-अमरवाड़ा क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई।**




जांच अभियान के दौरान छोटे-बड़े लगभग 35 स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं की जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य प्रावधानों में कमियां पाए जाने पर 4 स्कूल वाहन - क्रमांक एमपी 20 टी 6769, एमपी 37 सी 0188, एमपी 16 टी 1436 एवं एमपी 04 बीए 2547 बिना वैध दस्तावेज के संचालित पाए गए। इन सभी वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी सिंगोड़ी परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त मोटरयान अधिनियम के तहत दस्तावेजों एवं अन्य कमियां पाए जाने पर 9 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 76000 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। परिवहन विभाग ने स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी कि वे मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करें। अन्यथा भविष्य में कमियां पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में अभी तक 294 .2 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 294.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 431.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।**



जिले में 15 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 15 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसीलों में वर्षा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 190.2, मोहखेड़ में 264.4, तामिया में 277, अमरवाड़ा में 310.2, चौरई में 359.4, हर्रई में 214.3, बिछुआ 242.5, परासिया में 207.3, जुन्नारदेव में 289, चांद में 417.9 और उमरेठ में 304.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# गुरुकुल के नायक किए गए घोषित

### गुरुकुल में छात्र परिषद का गठन




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशाराम जी गुरुकुल के विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के गुण विकसित हों, इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु छात्र परिषद का गठन किया गया। इस दौरान कैबिनेट सदन ने गुरुकुल के छात्र-छात्राओं के चार सदनों का गठन किया गया।**

सभी सदनों को पर्वतों के नाम दिए गए जिसमें हिमालय, विंध्याचल, मलयगिरि और अरावली पर्वत प्रमुख है। सभी सदनों के अलग-अलग नायक, उपनायक, सांस्कृतिक नायक एवं क्रीड़ा नायक बनाए गए।सर्वसम्मति से आदित्य यादव और दीप्ति नौतानी को गुरुकुल का नायक एवं नायिका घोषित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में गुरुकुल की संचालिका श्रीमती दर्शना खट्टर ने कहा कि विद्यालय से नेतृत्व का गुण सीखते हुए भविष्य में भी राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे , और कहा कि हम सबको मिलकर गुरुकुल को शिखर तक ले जाना है जिससे गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य सफल हो ।

इस कार्यक्रम में गुरुकुल से डॉ. सुशील सिंह परिहार, श्रीमती पूजा अमरवंशी, छात्रावास अधीक्षक सोमनाथ पंवार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आईटीआई में द्वितीय राउंड की प्रवेश प्रक्रिया 16 से 18 जुलाई तक

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई.** शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के प्राचार्य शुभम निमजे ने बताया कि प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में 16 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक द्वितीय राउंड की प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई द्वितीय राउंड की प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम दिवस होगा। उन्होंने जानकारी दी कि द्वितीय राउंड में जिन अभ्यर्थियों को ट्रेड आवंटित हुई है, वे अपना अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कराकर मूल दस्तावेज तथा उनकी दो-दो फोटो प्रतियों के साथ शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्राचार्य श्री निमजे ने बताया कि तृतीय एवं चतुर्थ राउंड के लिए चॉइस फिलिंग 19 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक लॉक की जा सकेगी। चॉइस लॉक होने के बाद उसमें किसी प्रकार का त्रुटि सुधार संभव नहीं होगा।

## माँ शारदा की कृपा और सभी के स्नेह ने मुझे हर कदम पर दी नई ऊर्जा : श्री साहू

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई. छिन्दवाड़ा से मैहर तक सांसद बंटी विवेक साहू की 14 दिवसीय ऐतिहासिक धार्मिक पदयात्रा गत दिनों सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है।**

इस धार्मिक पदयात्रा के दौरान सभी पदयात्रियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सहयोगियों, विभिन्न संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, प्रशासन, पत्रकारबंधुओं एवं हर सेवाभावी ने निस्वार्थ भाव से सांसद बंटी विवेक साहू को भरपूर सहयोग प्रदान किया था। ऐतिहासिक धार्मिक पदयात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी सहयोगियों के प्रति हृदय की गहराइयों से कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि 1 जुलाई से 14 जुलाई तक छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक 375 किलोमीटर की यह धार्मिक पदयात्रा मेरे जीवन की एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक साधना रही। पदयात्रा के दौरान तपती धूप, बारिश और कठिन मार्ग के बावजूद माँ शारदा की कृपा तथा आप सभी के स्नेह ने हर कदम पर मुझे नई ऊर्जा दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक पदयात्रा को जिन गाँवों, कस्बों और नगरों से होकर गुजरने का सौभाग्य मिला, वहाँ आप सभी ने जिस आत्मीयता और अपनत्व के साथ एक बेटे की तरह मुझे भरपूर आशीर्वाद ओर प्यार दिया, वह स्नेह जीवनभर मेरी अमूल्य पूँजी रहेगी।

**खुलासा** — पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, आरोपियों को भेजा गया जेल

# जादू-टोना के शक में किसान की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 जुलाई। थाना जुन्नारदेव क्षेत्र के ग्राम बकाईनढाना (गोनावाड़ी) में जादू-टोना की आशंका और पशुओं को घास चराने के विवाद को लेकर हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।**

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई की शाम डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बकाईनढाना निवासी झड़ूलाल यादव की खेत में हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपी के बीच खेत में गाय-भैंस चराने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था तथा कुछ दिन पूर्व इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हुई थी।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों को मृतक पर जादू-टोना और तंत्र-मंत्र करने का संदेह था, जिसके चलते उनके मन में रंजिश बढ़ती चली गई।




घटना वाले दिन दोनों आरोपी कुल्हाड़ी लेकर खेत पहुंचे और झड़ूलाल यादव पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की और फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ियां तथा घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त किए गए।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे तथा एसडीओपी सोनम पाटिल के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक जे. मसराम सहित पुलिस टीम ने मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें 6262110029 9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
600+ प्लेसमेंट
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल! शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140 www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पताः-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589